दिनांक 25.04.2024 समय 18.30

- प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में कल 13 क्षेत्रों में सुबह 7 बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा।

- राज्य में दूसरे चरण वाली लोकसभा सीटों पर पिछले चुनाव के मुकाबले 23 लाख से ज्यादा मतदाता बढ़े।

- प्रदेश में निर्वाचन विभाग ने मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कई नवाचार किये।

- राज्य में 11 स्थानों पर दिन का पारा 40 डिग्री से ऊपर पहुंचा–कल बीकानेर, अजमेर, जयपुर, भरतपुर, कोटा संभाग के कुछ हिस्सों में आंधी–बारिश की संभावना।

00000

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में कल 13 लोकसभा क्षेत्र में सुबह 7 बजे से शाम छह बजे तक वोट डाले जायेंगे। इस चरण में टोंक–सवाईमाधोपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालोर, उदयपुर, बासंवाड़ा, चितौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा और झालावाड़–बारां लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा। इन लोकसभा क्षेत्रों में मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतदान के लिए 1 लाख 72 हजार से अधिक मतदानकर्मी तैनात किये गये है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने के लिए कुल 82 हजार 487 सुरक्षाकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। इनमें राजस्थान पुलिस के कार्मिकों के साथ–साथ, होमगार्ड, फोरेस्ट गार्ड और आरएसी जवान शामिल है। केंद्रीय पुलिस बलों की 175 कंपनियों को संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात किया गया है। श्री गुप्ता ने बताया कि कुल 28 हजार 758 मतदान केन्द्रों में से चयनित 14 हजार 460 केन्द्रों पर मतदान प्रकिया की लाइव वेबकास्टिंग की जाएगी। इस चरण चरण में मतदान प्रोत्साहन के लिए 1 हजार 768 विशेष मतदान केंद्र बनाए गए है। इनमें से महिलाओं और युवाओं द्वारा 832–832 तथा 104 मतदान केंद्र दिव्यांग कार्मिकों द्वारा संचालित किए जाएंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान प्रक्रिया की निगरानी के लिए 3 हजार सेक्टर ऑफिसर तैनात किए गए हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि मतदान केन्द्रों पर जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी हैं।

00000

राज्य में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में कल होने वाले मतदान के लिये मतदान दल अपने अपने केन्द्रों पर पहुंच गये हैं। मतदान दलों की रवानगी से पहले उन्हें अंतिम प्रशिक्षण दिया गया। इस बीच मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने आज सवाईमाधोपुर के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय साहूनगर में मतदान दलों के गंतव्य स्थल पर रवानगी और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मतदान केन्द्र की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। श्री गुप्ता ने टोंक के राजकीय स्नातकोत्तर कॉलेज परिसर में बने मतदान दलों के रवानगी स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। श्री गुप्ता ने जिला निर्वाचन कार्यालय में वेबकास्टिंग का निरीक्षण किया। उन्होंने 24 घंटे चलने वाले इंटीग्रेटेड़ कंट्रोल रूम का भी जायजा लिया।

00000

राज्य में कल होने वाले मतदान के दौरान निर्वाचन फोटो पहचान पत्र नहीं होने पर मतदाता वैकल्पिक पहचान दस्तावेज दिखाकर भी वोट डाल सकेंगे। निर्वाचन विभाग के अनुसार 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेज में से कोई एक दस्तावेज दिखाना होगा। इनमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/पीएसयू/सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक और डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/ विधायकों/ एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और केन्द्र सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी शामिल है।

00000

राज्य में दूसरे चरण वाले लोकसभा क्षेत्रों में 2019 के मुकाबले 23 लाख से ज्यादा मतदाता बढ़े हैं। इस चरण में 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 2 करोड़ 80 लाख 78 हजार से ज्यादा मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें 1 करोड़ 44 लाख 74 हजार पुरूष और 1 करोड़ 36 लाख से ज्यादा महिला मतदाता हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि दूसरे चरण में सबसे ज्यादा करीब साढे 23 लाख मतदाता पाली लोकसभा सीट पर हैं। वहीं सबसे कम करीब 20 लाख मतदाता अजमेर क्षेत्र में पंजीकृत हैं। श्री गुप्ता ने

बताया कि वर्ष 2019 के मुकाबले 18 से 19 वर्ष आयु वाले नव मतदाताओं की संख्या 7 लाख 13 हजार से बढ़कर 8 लाख 66 हजार हो गई है। इसके साथ ही दिव्यांग मतदाताओं की संख्या ढाई लाख से बढ़कर 3 लाख 23 हजार हो गई है।

00000

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान दिवस पर कल मतदाताओं को प्रोत्साहित करने और मतदान की ताज़ा जानकारी श्रोताओं तक पहुंचाने के लिए आकाशवाणी जयपुर से विशेष कार्यक्रम और बुलेटिन प्रसारित किये जाएंगे। विशेष लाइव फोन इन कार्यक्रम चुनाव समय है सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक प्रसारित होगा। ये कार्यक्रम आकाशवाणी के जोधपुर, उदयपुर, बाडमेर, जैसलमेर, कोटा, बांसवाडा, चित्तौडगढ, झालावाड, माउंटआबू, सवाईमाधोपुर केन्द्र और विविध भारती के जोधपुर और उदयपुर चैनल से रिले किया जाएगा। हमारे विशेष बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजे हिन्दी में और शाम पांच बजे राजस्थानी में प्रसारित होंगे। इनकी अवधि पांच–पांच मिनट की होगी। राजस्थान स्थित आकाशवाणी के सभी प्राइमरी चैनल और स्थानीय केन्द्र आकाशवाणी जयपुर से प्रसारित दोनों विशेष समाचार बुलेटिन रिले करेंगे।

**00000**

प्रदेश में निर्वाचन विभाग ने मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कई नवाचार किये हैं। पहली बार वोट डालने वाले नव मतदाताओं को प्रमाण पत्र देने की व्यवस्था की गयी है। मतदान केन्द्रों पर सैल्फी प्वाइंट और हैप्पी आवर्स में वृक्षारोपण करवाने के भी इंतजाम किये गये है। कई शहरी क्षेत्रों में मतदाताओं की कतारों की स्थिति की जानकारी के लिए मोबाइल एप के जरिये निगरानी की व्यवस्था भी की गयी है। कई स्थानों पर मतदान की प्रतीक स्याही लगी उंगली दिखाने पर विभिन्न प्रतिष्ठानों की ओर से सेवाओं और उत्पादों पर छूट देने जैसी सुविधाएं भी दी गयी हैं।

00000

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण वाले निर्वाचन क्षेत्रों के जिला निर्वाचन अधिकारी मतदाताओं से वोट डालने की अपील कर रहे है। अजमेर की जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. भारती दीक्षित ने जिले मे कल होने वाले मतदान से संबंधित सभी व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए मतदाताओं से बिना किसी डर के वोट डालने की अपील की है।

......

वहीं झालावाड़ पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने भी मतदाताओं से भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील की है।

0000

लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरुकता के लिये संदेश श्रृंखला चलायी जा रही है।

00000

राज्य में गर्मी बढने के साथ ही कई स्थानों पर दिन का पारा 40 डिग्री से ऊपर दर्ज होने लगा है। बीते 24 घंटों में 11 शहरों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री से अधिक रिकॉर्ड किया गया। सबसे ज्यादा 40 दशमलव 8 डिग्री सैल्सियस तापमान जालौर में दर्ज किया गया। हालांकि मौसम विभाग ने कहा कि राज्य में तापमान सामान्य के आस पास ही बना हुआ है। आज उदयपुर और कोटा संभाग तथा आसपास के इलाकों में आंधी चलने और हल्की बारिश होने की संभावना जताई गई है। कल पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आंधी बारिश की गतिविधियों में बढोतरी होने के आसार हैं। बीकानेर, अजमेर, जयपुर, भरतपुर, कोटा संभाग के कुछ हिस्सों में दोपहर बाद मेघगर्जन के साथ कहीं–कहीं आंधी चलने और हल्की बारिश हो सकती है। शनिवार को भी जोधपुर, बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं 25 से 35 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से आंधी चलने की संभावना है।

00000

भरतपुर में घना केवलादेव राष्ट्रीय पक्षी अभ्यारण्य में कल सारसों की गिनती की जायेगी। सारसों की गिनती 24 घंटे चलेगी। गणना से पहले कल सुबह केवलादेव उद्यान में पानी के अभाव में राष्ट्रीय उद्यान का अस्तित्व खतरे में बिषय पर चर्चा होगी।

00000

विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर राज्य में चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। बाडमेर में हुए कार्यक्रम में मलेरिया की रोकथाम के लिए उल्लेखनीय कार्य करने वाली आशा सहयोगिनियों और एएनएम को सम्मानित किया गया। बूंदी में चिकित्सा संस्थान पर आये रोगियों और उनके परिजनों को स्टाफ द्वारा मौसमी बीमारियों और मलेरिया के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान बुखार के रोगियों की ब्लड स्लाइड एकत्र करने के साथ ही स्लोगन लेखन, जागरूकता रैली और पोस्टर प्रतियोगिता हुई। करौली और चूरू में भी लोगों को मलेरिया से बचाव के लिये साफ सफाई रखने की हिदायत दी गई।

00000